भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 557
दिनांक 25 जुलाई, 2024

# स्वदेशी पेट्रोलियम भंडार

†557. डॉ. के. सुधाकर:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के स्वदेशी पेट्रोलियम भंडार का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश के संभावित पेट्रोलियम भंडारों के लिए किए जा रहे अन्वेषण के संबंध में आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में आयात किए जा रहे पेट्रोलियम उत्पादों की कुल संख्या और मात्रा का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में शोधित और अन्य देशों को निर्यात किए गए पेट्रोलियम उत्पादों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार का विदेशों के साथ प्राकृतिक गैस पाइपलाइन स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) देश में विद्यमान प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों और विचाराधीन प्रस्तावित नई पाइपलाइनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क): पेट्रोलियम संसाधन प्रबंधन प्रणाली (पीआरएमएस) के अनुसार भारत के घरेलू पेट्रोलियम भंडारों की स्थिति (अनंतिम) (दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार) निम्नानुसार है:

| 2पी मौजूद | | 2पी अनुमानित अंतिम निकासी (ईयूआर) | | भंडार (2पी) | | आकस्मिक संसाधन (2सी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेल+कंडेनसेट (एमएमटी) | गैस (बीसीएम) | तेल+कंडेनसेट (एमएमटी) | गैस (बीसीएम) | तेल+कंडेनसेट (एमएमटी) | गैस (बीसीएम) | तेल+कंडेनसेट (एमएमटी) | गैस (बीसीएम) |
| 7235.4 | 4001.1 | 1933.0 | 1856.1 | 434.3 | 643.4 | 237.1 | 450.8 |

# सिद्ध और संभावित, एमएमटी: मिलियन मिट्रिक टन, बीसीएम: बिलियन घन मीटर

(ख) देश में नामांकन और संविदागत व्यवस्थाओं के तहत प्रदान किए गए रकबों के माध्यम से तेल और गैस के लिए अन्वेषण चलता रहता है। वर्ष 2016 में हाइड्रोकार्बन अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एचईएलपी) को अपनाने के बाद खुला रकबा लाइसेंसिंग कार्यक्रम (ओएएलपी) के तहत 8 बोली दौरों के दौरान आज तक 2,42,056 वर्ग कि.मी. के क्षेत्र को कवर करते हुए 144 अन्वेषण ब्लॉक प्रदान किए गए हैं। जिनमें कुल लगभग 3.37 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश हुआ है। यह ध्यान देने योग्य है कि राजकोषीय वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के तहत कुल 132 अन्वेषण/मूल्यांकन कूपों का वेधन किया गया था जिनके परिणामस्वरूप 14.2 एमएमटी तेल और कंडेनसेट तथा 35.6 बीसीएम प्राकृतिक गैस की वृद्धि हुई है।

(ग) और (घ) देश में आयात किए जा रहे तथा देश से अन्य देशों को निर्यात किए जा रहे विभिन्न पेट्रोलियम उत्पादों की कुल मात्रा निम्नानुसार है:

| व्यापार | पेट्रोलियम उत्पाद | 2022-23 (टीएमटी) | 2023-24 (पी)(टीएमटी) |
|---|---|---|---|
| आयात | पेट्रोलियम उत्पाद | 44598 | 48668 |
| निर्यात | | 61015 | 62437 |

स्रोत: प्रमुख तेल कंपनियां, (पी):अनंतिम, टीएमटी: हजार मिट्रिक टन

**देश के लिए 10 शीर्ष पेट्रोलियम उत्पादों के आपूर्तिकर्ता (पीएसयूज/पीएसयूज के संयुक्त उद्यमों के लिए) निम्नानुसार हैं:**

| 2022 - 23 | |
|---|---|
| देश | **मात्रा (टीएमटी)** |
| संयुक्त अरब अमीरात | 5720 |
| कतर | 5474 |
| सऊदी अरब | 3907 |
| कुवैत | 3214 |
| ओमान | 294 |
| सिंगापुर | 281 |
| संयुक्त राज्य अमरीका | 230 |
| मलेशिया | 187 |
| बहरीन | 167 |
| चीन | 142 |
| अन्य | 237 |
| कुल योग | **19854** |

*स्रोत:प्रमुख तेल कंपनियां*

देश में शोधित किए गए पेट्रोलियम उत्पादों की कुल मात्रा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | 2022-23 (पी) (टीएमटी) | 2023-24 (पी) (टीएमटी) |
|---|---|---|
| पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन | 266539 | 276058 |

स्रोत: प्रमुख तेल कंपनियां, (पी):अनंतिम

**(ड.) भारत खास तौर से अपने पड़ोस में कार्यनीतिक भागीदारों के साथ ऊर्जा संबंध स्थापित कर रहा है। ये परियोजनाएं अत्यधिक पूंजीपरक हो सकती हैं तथा अन्य बातों के साथ-साथ तकनीकी-वाणज्यिक व्यवहार्यता, मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत ऊर्जा सुरक्षा पर आधारित हैं।**

**(च) देश में मौजूद तथा प्रस्तावित नई प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-**

भारत में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन (एनजीपीएल) नेटवर्क - मार्च 2024

| क्रम सं. | पाइपलाइन के ब्यौरे | लंबाई (कि.मी.)# |
|---|---|---|
| 1. | प्राधिकृत प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें | 33,478 |
| 2. | प्रचालित की जा रही प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें | 24,881 |
| 3. | निर्माणाधीन प्राकृतिक गैस पाइपलाइनें | 10,404 |

#: लंबाई में अंतर कार्यस्थल की दशाओं के कारण निर्मित पाइपलाइन की लंबाई में अंतर, टैरिफ कॉरीडोर के भीतर संबद्धता, सब-ट्रांसमिशन पाइपलाइनों (एसटीपीएल) की उपलब्ध लंबाई के लिए प्राधिकृत कंपनियों द्वारा बिछाई गई अतिरिक्त पाइपलाइनें आदि जैसे कारणों की वजह से है।

****